भारतीय किसान यूनियन ने बैठक कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बांसी (सिद्धार्थनगर)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ;जनकल्याणद्ध की बैठक प्रभारी यार मोहम्मद चौधरी की अध्यक्षता व मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष कपिल देव राय की मौजूदगी में संपन्न हुई। पदाधिकारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को एक मांग पत्र भी सौंपा।

उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह को दिए ज्ञापन में आयए जातिए निवास के नाम पर धनउगाही पर अंकुश लगाने व असंक्रमणीय से संक्रमणीय करने के लिए लम्बा धनराशि हल्का लेखपालों द्वारा किसानों से वसूला जाता हैए इस पर अबिलम्ब रोक लगानेए खारिज दाखिल व वरासत के नाम पर धन उगाही पर रोक लगाने तथा विकास खण्ड बांसी के ग्राम सभा बड़हरघाट के नये आवास स्वीकृत करने हेतु आवास की सूची अपात्रों का बनाया



गया है जो कि मांगने पर देने से इन्कार करते हैए सूची दिलानेए पूरे तहसील में प्रति यूनिट एक किलोग्राम खाद्यान्न कम दिया जाता है कार्डधारको को पूर्ण खाद्यान्न दिलाये जाने की मांग की है। इसके अलावा ज्ञापन में तहसील में नामान्तरण की कार्यवाही में काश्तकारों से अनावश्यक धनउगाही किया जा रहा है विशेषकर नायब तहसीलदार कार्यालय में जिसे तत्काल बन्द करानेए प्रतापपुर से बगहाताल की भूमि पर नाला कब्जा करके अवैध निर्माण कर लिया गया है जिससे पानी नहीं निकल पाता है और किसानों की फसल डूबकर बर्बाद हो जाता है। ऐसी दशा में उक्त नाला की भूमि पर किया गया अवैध अतिक्रमा हटवाये जाने व नाली का कार्य पूरा करवाये जाने के अलावा इन्द्रानगर गंगुली समसुद्दीन के घर से प्राइमरी स्कूल के शौचालय तक अधूरे सड़क का काम पूर्ण करवानेए चकरोड एवं चकनाली जो भी अतिक्रमण है।

उसे खाली करवानेए ग्रामसभा निहलवा तप्पा कोड़री की चकनाली व चकरोड खाली करानेए बांसी तहसील में कार्यरत उर्मिला एच0पी0 गैस पचमोहनी के द्वारा आवंटित वितरित उज्जवला योजना के अन्तर्गत समस्त लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराये जाने तथा कौशिल्या पत्नी वासदेव ग्राम धौररहरा जिला सन्तकबीर नगर का कनेक्शन जो खारिज कर लिया गया उसे देनेए रबी फसल की बुआई को देखते हुए साधन सहकारी समितियों तथा फुटकर उर्वरक विक्रेताओं से किसानो को उचित रेट पर खाद दिलाने व धान बिचौलियों से न खरीद सीधे किसानों से धान खरीदे जाने की मांगे शामिल हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि यदि उपरोक्त समस्याओं का समाधान 15 दिन के अन्दर नहीं किया गया तो किसान पंचायत तहसील परिसर में लगायी जायेगी। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बैठक में उक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त तहसील अध्यक्ष वीपत पासवानए मोरथए हरीरामए दयारामए चीनकए जगरनाथ, रामचन्दर, कमलावती, फुलेसर, धर्मदव, मन्नू देवी, हुन्बूस, मीना, मन्नी, सोनमती, शांती, सावित्री आदि सहित तमाम लोग शामिल रहे।

सत्य, संविधान व लोकतन्त्र कि रक्षा का संकल्प कांग्रेस का मूल मन्त्र है- अम्बिका सिंह

बांसी(सिद्धार्थनगर)। देश और समाज में न्याय, सम्मान, समानता व भाई चारा को मजबूत बनाए रखने के लिए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से संघर्ष किया है और देश की तरक्की व बहबुदी के लिए आने वाले समय में भी मजबूती से आवाज बुलन्द करती रहेगी। उक्त बातें वरिष्ठ कांग्रेस नेता व बस्ती के कप्तानगंज से 1980 से 1990 तक विधायक रहे अम्बिका सिंह सिद्धार्थनगर मुख्यालय पर कांग्रेस के कार्यक्रम में बतौर अतिथि शामिल होने के लिए जाते समय बांसी में एक मुलाकात के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि रविवार को दिल्ली स्थित रामलीला मैदान में आयोजित विशाल रैली सिर्फ एक रैली नहीं बल्कि सत्य, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने का दृढ़ संकल्प है। अब समय आ गया है कि सभी को पुरजोर तरीके से अपनी आवाज उठानी पड़ेगी, हमें बिना किसी संकोच व भेदभाव के साथ राष्ट्र हित के इस संकल्प में अपनी पूरी ताकत के साथ भागीदारी सुनिश्चित करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा



कि देश व प्रदेश में बेरोजगारी, हत्या, लूट, बलात्कार , महिला उत्पीड़न, महँगाई और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना राष्ट्र द्रोह मान लिया गया है, यदि ऐसा करना राष्ट्र विरुद्ध है तो कांग्रेस हमेशा इसको लेकर अपनी आवाज बुलन्द करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज केन्द्र व राज्य की सत्ता में बैठे लोग जिस तरह से भाषायी मर्यादा को तार तार कर रहे हैं वह किसी भी प्रकार से किसी भी समाज के लिए अपमान जनक एवं असंवैधानिक है जो हर तरफ वैमनस्य पैदा करने के साथ ही आने वाली नई पीढ़ी के लिए दुखद व दुर्भाग्य पूर्ण सन्देश देने का काम कर रही है। आज स्थिति यह हो गई कि सत्ता में बैठे हुए लोगों ने अपने को राष्ट्र से भी ऊपर मान लिया है, जबकि राष्ट्र से हम सब की पहचान है। रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान पर आयोजित रैली जो न्याय, सम्मान व भाई चारा के साथ सत्य, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के संकल्प को मजबूत करने के लिए ही नहीं अपितु देश और समाज की दिशा व दशा को तय करने का ऐतिहासिक सन्देश होगा।

विधान परिषद चुनाव में सपा की जीत पर माता प्रसाद पाण्डेय ने दी बधाई

इटवा (सिद्धार्थनगर)। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की 11 सीटों पर हुए द्विवार्षिक चुनाव के परिणामों पर इटवा विधायक एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के विजयी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए मतदाताओं के प्रति आभार जताया।जारी प्रेस नोट में 29 अक्टूबर 2026 को माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि विधान परिषद चुनाव के परिणाम भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) विरोधी नीतियों के खिलाफ शिक्षित वर्ग का जनादेश हैं। उन्होंने कहा कि वाराणसी, लखनऊ और आगरा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समाजवादी पार्टी की जीत से बदलाव की इच्छा का संदेश मिला है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की पांच सीटों पर



समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों एवं नेतृत्व की जीत है। माता प्रसाद पाण्डेय ने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में इसी आधार पर समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी।नेता प्रतिपक्ष ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश के जागरूक मतदाताओं, स्नातक मतदाताओं और शिक्षक साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

संतकबीरनगर (महुली)।

महुली थाना क्षेत्र के भिनखिनी कला गांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बैंक से केवाईसी कराकर बाइक से घर लौट रहे युवक को एक तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। जवान बेटे की मौत और घर के इकलौते सहारे के छिन जाने से परिजनों में कोहराम मच गया है।

दिल्ली से कल ही लौटे थे घर

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, भिनखिनी कला गांव निवासी 19 वर्षीय प्रिंस त्रिपाठी पुत्र आनंद त्रिपाठी बुधवार दोपहर करीब 12 से 1 बजे के बीच हरिहरपुर स्थित बैंक में केवाईसी (चङ्क्षष्ट) कराने गए थे।

काम पूरा करने के बाद वह बाइक से घर वापस लौट रहे थे। अभी उनकी बाइक हरिहरपुर-भक्तोलिया गांव के समीप पहुंची ही थी कि सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि प्रिंस गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों की मदद से घायल प्रिंस को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, नाथनगर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन व स्थानीय लोग उन्हें लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही प्रिंस ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

पिता पहले से हैं लापता, कंधों पर थी पूरे परिवार की जिम्मेदारी

परिजनों ने बताया कि प्रिंस त्रिपाठी कल ही दिल्ली से अपने घर आए थे। वह परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे और घर की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। परिजनों के अनुसार, प्रिंस के पिता आनंद त्रिपाठी पिछले कई वर्षों से लापता हैं, जिनका आज तक कोई सुराख नहीं मिल पाया है।

घर की बची-खुची उम्मीद और आजीविका का इकलौता जरिया रहे प्रिंस के अचानक दुनिया से चले जाने से उनकी मां, छोटे भाई और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर पिकअप चालक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

विश्वराज फाउंडेशन के शिविर में 10 यूनिट रक्तदान

संत कबीर नगर। नाथनगर, संत कबीर नगर। जल जीवन मिशन की कार्यकारी संस्था विश्वराज फाउंडेशन के तत्वावधान में जिला अस्पताल, संत कबीर नगर के सहयोग से नाथनगर ब्लॉक में रक्तदान, स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वराज फाउंडेशन के कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 10 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को स्वास्थ्य एवं नेत्र संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंदों की सहायता करना रहा।कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल, संत कबीर नगर के नाथनगर अधीक्षक डॉ. आई. डी. गौरव का विश्वराज फाउंडेशन की ओर से प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक चंद श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। शिविर का उद्घाटन एवं संचालन अखिलेश कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने और उनकी जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।विश्वराज फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक चंद श्रीवास्तव एवं सुरक्षा अधिकारी मोहित गुप्ता ने संस्था के कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रक्तदान को महान मानवीय एवं सामाजिक कार्य बताते हुए कहा कि रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों की सहायता की जा सकती है। उन्होंने सभी से स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा इस पुनीत कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।शिविर में डॉ. आर. पी. मौर्य, अंजू सिंह (पीआरओ) तथा जल निगम के सहायक अभियंता महेंद्र राम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रक्तदान के महत्व और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।रक्तदान शिविर के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किया गया। नेत्र जांच शिविर में अवधूत भगवान राम आई केयर हॉस्पिटल, गोरखपुर से आई चिकित्सकीय टीम ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें नेत्र संबंधी समस्याओं के लिए परामर्श भी दिया गया। इस पहल से शिविर में पहुंचे अनेक लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं परामर्श का लाभ मिला। विश्वराज फाउंडेशन की इस पहल का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, जरूरतमंदों की सहायता करना तथा कर्मचारियों एवं आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। इस आयोजन के माध्यम से संस्था ने सामाजिक उत्तरदायित्व, जनसेवा एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। रक्तदान, स्वास्थ्य जांच और नेत्र परामर्श को एक साथ उपलब्ध कराने की यह पहल समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण रही।

परीक्षा को लेकर में प्रशासन अलर्ट, केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के निर्देश

संतकबीरनगर। प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (क्क्ष्रज्ञ) को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने कमर कस ली है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एसपी संदीप कुमार मीना और एडीएम सत्यप्रकाश ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, परीक्षार्थियों के आवागमन, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और कानून-व्यवस्था समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंथन किया गया। नकल और किसी भी अनुचित गतिविधि पर प्रभावी रोक लगाने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।एसपी ने पुलिस अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों और आसपास के इलाकों में सतर्क निगरानी रखने, जरूरत के अनुसार पुलिस बल तैनात करने और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखने के निर्देश दिए। किसी भी अवांछनीय गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई के भी निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने कहा कि बेहतर समन्वय और प्रभावी निगरानी के जरिए परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जाए।

बैठक में एएसपी सुशील कुमार सिंह, सीओ खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय समेत पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

कांग्रेस की रैली एक नवम्बर को

संत कबीर नगर। जिला कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रीय सचिव पूर्वांचल प्रभारी अभिषेक दत्त का आगमन सुबह 11ः00 हुआ। 1 नवंबर को रामलीला मैदान में राहुल गांधी जी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की ऐतिहासिक रैली के तैयारी के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और अभिषेक दत्त जी ने कहा कि यह रैली देश के संविधान में विश्वास रखने वाले सभी देशवासियों के लिए है जिससे हम अपने वोट के अधिकार को बचा सके और मुख्य चुनाव आयुक्त को अपने पद से इस्तीफा देना होगा जो संवैधानिक पद पर बैठकर मोदी और शाह की मदद कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष प्रवीण चंद पाण्डेय ने कहा कि संतकबीर नगर जिले से हजारों की संख्या में लोग अपने साधन संसाधन से दिल्ली के लिए कूच करेंगे और अपने नेता आदरणीय राहुल गांधी को पूरी ताकत देने का काम करेंगे ।आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र लाल श्रीवास्तव उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष देवेंद्र निषाद प्रदेश सचिव मनोज यादव जी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद नजीर शांति देवी दिलशाद अफसर सैयद तारिक हुसैन सुनील कुमार पाण्डेय अरुण पांडे अशोक आर्य सतीश साहनी दयाशंकर चौधरी मोइन अंसारी रमेश चौधरी श्याम बिहारी पासवान उर्फ गोलू राजीव गोंड पन्ने लाल यादव सुग्रीव पासवान फैजान खान निसार अहमद अजय सिंह मुन्नीलाल राजन लाला विजय विश्वकर्मा हबीबुल्ला अब्दुल कलाम सत्या त्रिपाठी श्यामलाल चंद्रप्रकाश पासवान जमुना प्रसाद रामाश्रय यादव सीमू खान जमशेद अख्तर सहारे आलम रियाज प्रधान बिट्टू सिंह दुर्गेश पाठक रवि राय रमेश पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सरदार पटेल जयंती पर खलीलाबाद में निकलेगी शोभायात्रा

संतकबीरनगर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 31 अक्टूबर को खलीलाबाद में शोभायात्रा निकाली जाएगी। हीरालाल डिग्री कॉलेज से सुबह नौ बजे शुरू होने वाली यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाईपास स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजक रोहित पटेल ने जिले के लोगों, युवाओं और महिलाओं से शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

रोहित पटेल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उनका जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति और समर्पण का प्रतीक है। उनकी जयंती पर शोभायात्रा निकालने का उद्देश्य उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि संभावित बारिश और खराब मौसम के बावजूद लोगों में आयोजन को लेकर उत्साह है। सरदार पटेल के प्रति सम्मान व्यक्त करने और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए सभी वर्गों की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने युवाओं सहित जनपदवासियों से निर्धारित समय पर पहुंचकर शोभायात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया।

करवा चौथ पर सैकड़ों महिलाओं को लगाई नि:शुल्क मेहंदी

संतकबीरनगर। करवा चौथ के पर्व पर कस्तूरी बेकर्स की ओर से महिलाओं के लिए नि:शुल्क मेहंदी लगाने का विशेष आयोजन किया गया। 27 और 28 अक्टूबर को दोपहर एक बजे से रात नौ बजे तक चले इस कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने मेहंदी लगवाई।कस्तूरी बेकर्स के प्रोपराइटर विकास कुमार गुप्ता ने बताया कि त्योहार की खुशियों को बढ़ाने और महिलाओं को विशेष सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी कस्तूरी परिवार की ओर से विभिन्न त्योहारों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने आयोजन की पूरी रूपरेखा तैयार करने का श्रेय अपनी पत्नी वंदना गुप्ता को दिया। रोटरी क्लब और आर्ट ऑफ लिविंग से जुड़ी वंदना गुप्ता सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहती हैं। उन्होंने बताया कि कई महिलाएं विभिन्न कारणों से मेहंदी नहीं लगवा पाती हैं। ऐसी महिलाओं को ध्यान में रखकर नि:शुल्क मेहंदी आयोजन की योजना बनाई गई, ताकि वे भी करवा चौथ के पर्व पर अपने श्रृंगार और उत्सव का आनंद ले सकें।वंदना गुप्ता ने कहा कि करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखने वाला पर्व है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ व्रत रखती हैं। उन्होंने सभी व्रती महिलाओं को करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं।

पटेल जयंती पर व्याख्यान आयोजित

संत कबीर नगर द्य हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय खलीलाबाद, में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. विनय सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की एकता और अखंडता के महान शिल्पकार थे।

उन्होंने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व के बल पर देशी रियासतों का एकीकरण कर स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

उनका संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का प्रेरणास्रोत है। वर्तमान समय में उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देश की अखंडता को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ तथा समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दें।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री विद्या भूषण डॉ मनोज कुमार वर्मा श्री विजय बहादुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाये उपस्थित रहे।

आयुर्वेदिक चिकित्सा क्षेत्र का शुभारंभ

संतकबीरनगर। आयुर्वेदिक चिकित्सा के क्षेत्र में 'कांस्य थाली थेरेपी' बनी वरदान, कई बीमारियों से मिल रहा है प्राकृतिक समाधान जोड़ों के दर्द, थकान, अनिद्रा और तनाव से तुरंत राहत पाने में बेहद असरदार है यह प्राचीन पद्धति - सुनीता अग्रहरि स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के बीच पारंपरिक और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में विवेकानंद कांस्यथाली आयुर्वेदिक थेरेपी सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली कांस्य थाली थेरेपी क्षेत्र के लोगों के बीच आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। आयुर्वेद विशेषज्ञों के अनुसार, यह अनूठी थेरेपी शरीर की थकान, जोड़ों की गठिया, जोड़ों का दर्द, अनिद्रा (नींद न आना) और तनाव जैसी कई गंभीर समस्याओं के समाधान में बेहद मददगार साबित हो रही है। पुरानी एड़ी, कमर, गर्दन और घुटने के दर्द से पीड़ित मरीजों के लिए यह थेरेपी बेहद फायदेमंद है। यह शरीर की नसों को शांत करती है, जिससे अनिद्रा और मानसिक तनाव से तुरंत राहत मिलती है। शरीर के रक्त संचार को बेहतर बनाने और मांसपेशियों की थकान को दूर करने में यह कारगर है। यह पैरों की त्वचा को स्वस्थ रखने और शरीर के विषैले पदार्थों को बाहर निकालने में सहायक होती है। कांस्य थाली थेरेपी का पूरा लाभ उठाने के लिए कुछ नियमों का पालन करना आवश्यक है। थेरेपी हमेशा सही दिशा और निश्चित अंतराल पर विशेषज्ञों की देखरेख में ही कराई जानी चाहिए। गर्भवती महिलाओं को इसके प्रयोग से पहले चिकित्सक की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

सहायक आयुक्त (खाद्य) ने किया निरीक्षण

मेंहदावल , संतकबीर नगर। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन विभाग संत कबीर नगर द्वारा प्रदेश में संचालित शुद्ध ही शुभ है अभियान के अंतर्गत दीपावली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को शुद्ध खाद्य पदार्थ/पेय पदार्थ उपलब्ध कराने व मिलावटी खाद्य पदार्थों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से विशेष अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य) सतीश कुमार के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग मीरगंज स्थित रजवाड़ा रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया !प्रतिष्ठान संचालक संबंधित आवश्यक प्रपत्र खाद्य लाइसेंस/ पंजीकरण प्रस्तुत नहीं कर सके प्रतिष्ठान में अत्यधिक गंदगी व कालातीत खाद्य पदार्थ पाए जाने के कारण प्रतिष्ठान को अग्रिम आदेशों तक बंद कराया गया। साथ ही अंतरजनपदीय टीम द्वारा कस्तूरी बेकर्स एंड स्वीट्स मेंहदावल चौक व कबीर स्वीट्स मेंहदावल बायपास का निरीक्षण किया गया एवं साफ सफाई के निर्देश दिए गए, गोकुल स्वीट्स से एक सैंपल पनीर का संग्रहित किया गया व राधे गोविंद स्वीट्स से खोया का नमूना संग्रहित किया गया, साथ ही उपरोक्त सभी प्रतिष्ठानों में पाई गई कमियों के सुधार हेतु नोटिस निर्गत की गई ,इस प्रकार कुल दो सैंपल संग्रहित किए गए जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है,जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियम अनुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी । मिलावट से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु टोल फ्री नंबर 18001805533 है।

दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण शिविर आज

मेंहदावल , संतकबीर नगर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया है कि दिव्यांग बच्चों का उपकरण वितरण शिविर आज 30 अक्टूबर 2026 को ब्लॉक संसाधन केंद्र हैंसर बाजार पर समेकित शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 24 अगस्त 2026 को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हैंसर बाजार पर परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों का कानपुर के सहयोग से पंजीकरण शिविर लगाया गया था। उपकरण दिनांक 23 अक्टूबर को ब्लॉक संसाधन केंद्र हैंसरबाजार एलिम्को कानपुर द्वारा उपलब्ध कराया गया है जिसका वितरण राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार आज 30 अक्टूबर को प्रात:11ः00 बजे निर्धारित किया गया है ! एलिमको प्रतिनिधियों के समक्ष आज 30 अक्टूबर को 24 अगस्त को चिन्हित किए गए बच्चों को उनके मापन के अनुसार जनप्रतिनिधियों अधिकारी गण के द्वारा उपकरण वितरण किया जाएगा। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा डॉ रजनीश बैद्यनाथ ने बताया कि जिन बच्चों ने अगस्त माह में हैसर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर अपना पंजीकरण कराया है वह प्रात: 11ः00 बजे तक अपनी पर्ची के साथ ब्लॉक संसाधन केंद्र हैंसर बाजार पर उपस्थित हो जाएं, जिससे ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करते हुए उन्हें उपकरण उपलब्ध कराया जा सके।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 136 जोड़ों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति रिवाज से सम्पन्न

संतकबीर नगर ! मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह'' योजनान्तर्गत जनपद मुख्यालय स्थित ओम रिजॉर्ट एंड मैरिज लॉन सियरा सांथा, धनघटा रोड, संत कबीर नगर के परिसर में 136 जोड़ों का विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया।

सामूहिक विवाह में दाम्पत्य सूत्र में बधने वाले नवयुगलों को लैगिंक समानता की शपथ भी दिलाई गयी।

उक्त मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में संतकबीर नगर के 04 विकास खण्ड खलीलाबाद, नाथनगर, पौली तथा हैंसर बाजार के अतिरिक्त 03 नगर पंचायतों हैसर बाजार, खलीलाबाद एवं मगहर से विवाह हेतु वर तथा वधू सम्मिलित रहे।

इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा0 सदर विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी सहित सभी सम्मानित अतिथियों ने नवदम्पत्तियों को अशीर्वाद देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की।

विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित मा0 जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारीगण, मीडिया बन्धु सहित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अभिभावकगण, वर-वधू एवं सम्मानिक आगन्तुकगणों का हार्दिक स्वागत करते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम के भव्य आयोजन पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं एवं धन्यवाद दिया।

उन्होंने अपने सम्बोधन में मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत आज बिना किसी जाति धर्म के भेदभाव से हर गरीब के बेटियों की शादी सम्पन्न करायी जा रही है।

उन्होंने कहा कि बेटियों की आकान्क्षाओं को पूरा करने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा बेटी पैदा होने से लेकर शादी होने तक की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से स्वंय वहन कर रही है।



उन्होंने बताया कि यह योजना है और अब कोई भी गरीब परिवार मुख्यमंत्री जी द्वारा गरीब लड़कियों की शादी के लिये सबसे अच्छी पहल क्योकि इसमें शादी का पूरा खर्चा अपने लड़की की शादी को लेकर खुद पर बोझ नही महसूस करेगा, प्रदेश सरकार उठाती है।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम समारोह में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने कार्यक्रम में पधारे सभी वर पक्ष, वधू पक्ष एवं उनके संबंधियों का हार्दिक स्वागत करते हुए विवाह सूत्र में बधने वाले सभी नवयुगलों को उनके सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वचन दिया।

उन्होंने बताया कि आज सम्पन्न इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के कुल 136 जोड़ों का जिसमें 132 जोड़ों का हिन्दु धर्म की परम्परा एवं धार्मिक रीति रिवाज के साथ गायत्री परिवार के विद्वान आचार्य/पंडितों के द्वारा सम्पन्न कराया गया तथा 04 जोड़े का मुस्लिम धर्म की परम्परा के अनुसार मौलवी/काजी द्वारा निकाह कराया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम में मा0 विधायक खलीलाबाद की गरिमामई उपस्थित एवं आगन्तुकगणों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रुक्मणी वर्मा, परियोजना निदेशक विजयंत सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी बृजेश कुमार, खण्ड विकास अधिकारी हैसर बाजार एवं खलीलाबाद, बाल विकास परियोजना अधिकारी मेंहदावल गरिमा पांडेय सहित सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे !